# राष्ट्रीय समन्वय समिति ऑफ बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स

**बी.टी.रणदीवे भवन, 13-ए, रोज एवेन्यू, नई दिल्ली-110 002**

**टेलीफैक्स : 011-23219670 ई-मेल : eefederation@gmail.com**


दिनांक : 31.01.2018

## परिपत्र

नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलैक्ट्रीसिटी इम्पलाईज एवं इंजीनियर्स की पूर्वी क्षेत्रीय कन्वैंशन 30 जनवरी, 2018 को बिहार के पटना में हुई। जिसमें उत्तरी क्षेत्र बिहार, झारखंड, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल की विभिन्न फैडरेशनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलैक्ट्रीसिटी इम्पलाईज एवं इंजीनियर्स के राष्ट्रीय नेता शैलेन्द्र दूबे (एआईपीईएफ), के. ओ. हबीब (ईईएफआई), मो. समिउल्ला (एआईएफईई), जी. के. वैष्णव (एआईएफओपीडीई), समर सिन्हा (एआईपीएफ) एवं अन्य अधिकारियों ने कन्वैंशन में हिस्सा लिया। 500 से ज्यादा बिजली कर्मियों एवं इंजीनियरों के साथ कन्वैंशन प्रभावी रूप से सफल रही। अनुमोदित प्रस्ताव की प्रतिलिपि का पालन करने का निर्णय लिया गया।

पटना में आयोजित कन्वैंशन से पहले नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलैक्ट्रीसिटी इम्पलाईज एवं इंजीनियर्स की राष्ट्रीय स्तर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसीओईई की सभी राज्य यूनिटों के नेताओं ने भी भाग लिया। जिसमें बिजली क्षेत्र में इलैक्ट्रीसिटी एक्ट-2003 के पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारत सरकार इसी दिशा में बिजली (संशोधन) बिल-2014 ला रही है। जिससे लड़ने के लिए मीटिंग में निम्नलिखित कार्यक्रमों पर सहमति बनी।

1. 28 फरवरी, 2018 से पहले सभी राज्य, जिनमें क्षेत्रीय कन्वैंशन हो चुकी हैं, नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलैक्ट्रीसिटी इम्पलाईज एवं इंजीनियर्स की राज्य स्तरीय कन्वैंशनों का आयोजन करेंगी।
2. 14 मार्च, 2018 को सभी राज्यों में बड़ी रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें (एनसीसीओईईई द्वारा तैयार) एक समान ज्ञापन प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री एवं बिजली मंत्रियों को दिया जाएगा और इसकी प्रतिलिपि एनसीसीओईईई के कन्वीनर को भेजी जाएगी।
3. इसके अलावा 3 अप्रैल, 2018 को दिल्ली में एक बड़ी संसद रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी एनसीसीओईईई इकाईयों द्वारा अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो।
4. भारत सरकार द्वारा बिजली (संशोधन) बिल-2014 को पास करने की अंतरिम प्रयास की स्थिति में पूरे भारतवर्ष में बिजली कर्मी हड़ताल करेंगे।


(प्रशांत एन चौधरी)

कन्वीनर

9830264170

prasantanc1@gmail.com